भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 955

05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक के कार्यान्वयन की स्थिति

955. श्री जशुभाई भिलुभाई राठवाः
डॉ. भोला सिंहः
श्री पी. सी. मोहनः
श्री विजय बघेलः
श्रीमती हिमाद्री सिंहः
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः
श्री दामोदर अग्रवालः
श्रीमती स्मिता उदय वाघः
श्री गणेश सिंहः
सुश्री कंगना रनौतः
श्री बिभु प्रसाद तराईः
श्री नव चरण माझीः
श्री भर्तृहरि महताबः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा संपूर्ण देश में शुरू किए गए राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक (श्रेष्ठ) के कार्यान्वयन की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) महाराष्ट्र राज्य द्वारा अपनी प्रमुख औषधि उपस्थिति के दृष्टिगत क्या विशिष्ट प्रगति प्राप्त की गई है;

(ग) उक्त सूचकांक के अंतर्गत राज्य और संघ राज्यक्षेत्र औषध नियामक प्राधिकरणों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए प्रयुक्त पात्रता मानदंडों और मापदंडों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण के दौरान और विशेषकर महाराष्ट्र जैसे उच्च औषध निर्माण गतिविधि वाले राज्यों में किसी कमी या चुनौतियों को चिह्नित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) सरकार द्वारा इनसे निपटने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/प्रस्तावित हैं; और

(च) श्रेष्ठ सूचकांक से हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित संपूर्ण देश में नियामक क्षमता को सुदृढ़ करने और दवाओं की गुणवत्ता और संरक्षा सुनिश्चित करने की किस प्रकार अपेक्षा की जाती है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (च): राज्य स्वास्थ्य नियामक उत्कृष्टता सूचकांक (श्रेष्ठ) संचालित हो गया है और इसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 12 अगस्त, 2025 को शुरु किया गया था। राज्य पूर्व-निर्धारित मानदंडों

संबंधी डेटा, केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) को प्रस्तुत करते हैं, जिसे प्रत्येक माह की 25 तारीख तक एकत्रित; अंकित और सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किया जाता है।

श्रेष्ठ सूचकांक एक आभासी अंतर आकलन उपकरण है, जिसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी वर्तमान नियामक स्थिति का आकलन करने में सहायता के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह निरीक्षण, लाइसेंसिंग और उत्पाद जांच जैसे प्रमुख नियामक कार्यों के मूल्यांकन के लिए एक संरचित ढांचा प्रदान करता है और आवधिक स्कोरिंग और बेंचमार्किंग के माध्यम से बेहतर अनुपालन और समय पर नियामक कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है।

******